# सांवली तेरी सूरत को मोहन देख मीरा दीवानी हुई है भजन लिरिक्स

सांवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है,
तुझको पाकर मेरे प्यारे मोहन,
रुकमणी भी दीवानी हुई है,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।**bd**।

तर्ज – मेरे बांके बिहारी सावरिया।

---

काल कोठी में जन्मा तू मोहन,
रात काली की काली वही है,
तेरी किलकारी सुनकर हे कान्हा,
तेरी मैया भी न्यारी हुई है,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।**bd**।

---

तेरी सिर पर मुकुट सज रहा है,
तन पे पीताम्बरी जच रहा है,
माथे चंदन का टीका लगा है,
मुख पे लाली रचाये हुए हैं,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।**bd**।

---

तेरे नैनो की क्या बात मोहन,
मोटे मोटे कटीले कटीले,
तेरी एक मुस्कुराहट पे मोहन,
गोपियाँ भी दीवानी हुई है,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।**bd**।

---

कान कुंडल बड़े सज रहे है,
मेरे कान्हा अलग लग रहे हैं,
तेरी मुरली को सुनकर हे कान्हा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सारी दुनिया दिवानी हुई है,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।bd।

---

सांवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है,
तुझको पाकर मेरे प्यारे मोहन,
रुकमणी भी दीवानी हुई है,
साँवली तेरी सूरत को मोहन,
देख मीरा दीवानी हुई है।bd।

गायक / प्रेषक – उदय लकी सोनी।
**9131843199**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com